# योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल
# वर्ष 2019–20

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक का कार्यवृत्त (Minutes)

06 नवम्बर, 2019

**स्थान**

सभा कक्ष, एसपीए, भोपाल

Conference Room, SPA Bhopal

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल
वर्ष 2018–19

---

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक की कार्यवृत्त (Minutes)
दिनांक 06 नवम्बर 2019

दिनांक 06 नवम्बर 2019 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 12 वीं बैठक का आयोजन संस्थान के सभा कक्ष में किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य निम्नलिखित हैं:–

| क्र. | सदस्य /पद | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो. संजीव सिंह, निदेशक (प्रभारी) | अध्यक्ष/ Chairmen | उपस्थित |
| 02 | श्री राजेश मोज़ा, कुलसचिव | सदस्य/ Member | उपस्थित |
| 03 | डॉ. बिनायक चौधुरी, प्राध्यापक | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 04 | डॉ. क्षमा पुणताम्बेकर, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 05 | श्री गौरव सिंह, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 06 | श्री सन्मार्ग मित्रा, सहायक प्राध्यापक | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 07 | श्री शाजू वर्गीज़, उपकुलसचिव (वित्त एवं लेखा ) | सदस्य / Member | उपस्थित |
| 08 | श्री मनीष व्ही. झोकरकर, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member | उपस्थित |
| 09 | श्री अमित खरे, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 10 | श्रीमती दीपाली बागची, सहायक कुलसचिव | सदस्य / Member | उपस्थित |
| 11 | श्री आनंद किशोर सिंह, अनुभाग अधिकारी | सदस्य / Member | अनुपस्थित |
| 12 | श्री सुनील कु. जायसवाल, हिन्दी सहायक | सदस्य / Member | उपस्थित |
| 13 | सुश्री जयति दुदानी, छात्रा | सदस्य / Member | अनुपस्थित |

**संस्थान के प्रभारी निदेशक व रा.का.स. के अध्यक्ष ने समिति के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। अतः सभी सदस्य बैठक में अपनी उपस्थिति भविष्य में सुनिश्चित करेंगे।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वीं बैठक का एजेण्डा (Agenda) तथा कार्यवृत्त (Minutes) बंदुवार निम्नलिखित हैं।

| | |
|---|---|
| **12.1** | **दिनांक 09 जुलाई 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वीं बैठक का कार्यवृत्त (Minutes) का सत्यापन** |

दिनांक 09 जुलाई 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वी बैठक का कार्यवृत्त (Minutes) को सर्वसम्मति से सत्यापित (Confirmed) किया गया।

| 12.2 | दिनांक 09 जुलाई 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वीं बैठक में लिये गए निर्णयों की कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) |
|---|---|

दिनांक 09 जुलाई 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वीं बैठक में लिये गए निर्णयों की कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) 12 वीं बैठक में अवलोकित किया गया व आगामी प्रगति हेतु बिन्दुओं को जोड़ा गया।

| क्र. | एजेण्डे की सूची<br>Agenda | लिये गए निर्णय<br>Decision | एक्शन टेकन<br>Action Taken |
|---|---|---|---|
| 11.1 | हिन्दी पत्रिका "स्पन्दन" अंक 5, वर्ष 2019 का प्रकाशन | हिन्दी पत्रिका स्पन्दन अंक 5 को हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह में विमोचन करने का निर्णय लिया गया था। | दिनांक 30 सितम्बर 2019 को संस्थान में हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह मनाया गया उक्त समारोह में संस्थान की हिन्दी पत्रिका "सपन्दन" अंक 5 का विमोचन किया गया। |
| 11.2 | हिन्दी की प्रगति हेतु प्रत्येक अनुभाग/विभाग में हिंदी में कार्य | हिंदी के कार्य को सरल बनाने हेतु राजभाषा विभाग द्वारा सभी को प्रोत्साहित करने का निर्णय। | संस्थान स्तर पर सभी को सरल हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। व हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सरल हिंदी के प्रयोग के आधार पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। |
| 11.3 | तकनीकी शब्दावली (Vocabulary) तैयार करने के संबंध में | उक्त के परिपालन में सभी अनुभाग/विभाग प्रमुख तथा सभी संकाय सदस्यों को अपने अपने विषयों की तकनीकी शब्दावली तैयार करने के संबंध में जानकारी देने का निर्णय लिया गया। | सभी संकाय सदस्यों को मेल के माध्यम से जानकारी दी गई। |
| 11.4 | राजभाषा विण्डो पर स्वरचित कविताओं/लेख का प्रदर्शन | समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संस्थान में हो रहे विभिन्न इवेंटों पर छात्रों व अन्य के द्वारा की जा रही हिंदी की गतिविधियां अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के फोटो भी अपलोड किये जायें उक्त के परिपालन में कार्य करने हेतु निर्देशित किया | संस्थान की वेबसाइट में राजभाषा वेबपेज पर पूर्व में प्रकाशित हिन्दी पत्रिका में मुद्रित स्वरचित लेख/कविता/संस्मरण इत्यादि को प्रदर्शित किया जा रहा है।<br>लगातार हो रहे इवेंटों की फोटो भी अपलोड की जा रही है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गया। | |
| 11.5 | हिन्दी कार्यशाला / सम्मेलन का आयोजन | कार्यशाला के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन (NDRM, Bhopal) के माध्यम से "फायर वॉल" विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। | उक्त कार्यशाला राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सहयोग से दिनांक 25 जुलाई 2019 को आयोजित की जा चुकी है। |
| 11.6 | हिन्दी पुस्तकों के क्रय के संबंध में | समिति ने पुस्तकों के क्रय के संबंध में नेशनल बुक ट्रस्ट से पर्यावरण, ग्रामीण विकास, सामाजिक सशक्तिकरण, पंचायती राज जैसे जागरूक विषयों पर हिंदी की बुक क्रय करने का निर्णय लिया तथा रोजगार समाचारपत्र की हिंदी प्रतिलिपि भी कय करने का निर्णय लिया गया। | रोजगार समाचार पत्र का हिंदी संस्करण पुस्तकालय विभाग द्वारा क्रय किया जाने लगा हैं।<br>पुस्तकें क्रय (Purchase) करने हेतु पुस्तकालय विभाग को मांग पत्र दे दिया गया है पुस्तकालय विभाग द्वारा क्रय संबंधी कार्यवाही प्रकिया (Process) में है। |
| 11.8 | IGRMS, Bhopal के साथ संयुक्त रूप से हिंदी सम्मेलन का आयोजन | IGRMS, Bhopal के साथ संयुक्त रूप से हिन्दी के कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु संयुक्त रूप से रूपरेखा बनाने हेतु निर्देशित किया गया था | आईजीआरएमस, भोपाल के प्रभारी हिन्दी अधिकारी श्री सुधीर श्रीवास्तव जी, (सहायक पुस्काध्यक्ष) से उक्त संदर्भ में चर्चा की गई है। कार्यशाला कराने हेतु रूपरेखा तैयार की गई है। किंतु दोनों संस्थानों की दूरी अधिक होने के कारण श्री सुधीर श्रीवास्तव जी कार्यशाला के आयोजन हेतु असमर्थ है। |
| 11.9 | हिंदी पखवाड़ा, वर्ष 2019 का आयोजन | हिन्दी पखवाड़ा वर्ष 2019 के आयोजन किया जाना था। | हिन्दी पखवाड़ा सफलता पूर्वक आयोजित हो चुका है। |

**Point to be noted:**

11.1 समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संस्थान की हिंदी पत्रिका स्पन्दन अंक 5 की सॉफ्ट प्रति सभी संस्थान के सदस्यों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाये व संस्थान की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

11.3 समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तकनीकी शब्दावली (Vocabulary) तैयार करने के संबंध में सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से एक नोडल पर्सन तैयार करें जो उक्त विभाग के सभी संकाय सदस्यों व शोध छात्रों से डाटा संग्रहित कर राजभाषा विभाग में प्रेषित कर सके।

11.4 समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हिंदी पखवाड़े 2019 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों की सूची भी संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड की जाए तथा हिंदी सहायक को निर्देशित किया कि हिंदी यूनिकोड साफ्टवेयर पुनः सभी कम्प्यूटरों में अपडेट किये जाएं।

11.6 समिति ने सर्वसम्मति ने निर्णय लिया कि नेशनल बुक ट्रस्ट से यदि पूर्व प्रस्तावित पुस्तकें नहीं प्राप्त हो पा रहीं है तो पुस्तकालय विभाग पुनः नई पुस्तकें जो नेशनल बुक ट्रस्ट से प्राप्त हो रहीं है, का प्रस्ताव अनुमोदिन करा कर पुस्तकें कय कर सकता है।

11.8 समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अभिप्रेरित व्याख्यान (Motivational Speech), व्यैक्तिक विकास (Personality Development) पर हिंदी कार्यशाला की जाए, जो कि शिक्षा का महत्व, नीति शास्त्र, राष्ट्र भक्ति, प्लास्टिक का एकल उपयोग, स्वच्छता, साइबर क्राइम से सुरक्षा जैसे विषयों पर हो।

11.9 समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्टूडेंट काउंसिल से चर्चा कर स्टूडेंट हिन्दी क्लब का प्रस्ताव रखा जाए। जो राजभाषा के प्रमोशन हेतु संस्थान स्तर पर गतिविधियों आयोजित कर सके।

## 12.3 अनुभागवार/विभागवार हिंदी की प्रगति रिपोर्ट (Progress Report) मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत

संस्थान में हिंदी की प्रगामी प्रयोग हेतु अनुभाग/विभागवार हिंदी की प्रगति रिपोर्ट (30 जून 2019 को समाप्त तिमाही एवं 30 सितम्बर को समाप्त तिमाही) जांच हेतु प्रस्तुत की गई। समिति ने कम प्रगति वाले विभागों को हिंदी की प्रगति बढ़ाने हेतु सूचित करने का निर्णय लिया।

## 12.4 राजभाषा संवर्ग के पदों का सृजन एवं वेतनमान संसोधन के संबंध में।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, राजभाषा प्रभाग के पत्र सं. 13035–5/2013–रा.भा.ए. दिनांक 15 अक्टूबर 2019 द्वारा संस्थान में राजभाषा संवर्ग के विभिन्न पदों का सृजन एवं भर्ती नियमों का पालन करने के संबंध में निर्दशित किया गया है। उक्त पत्र अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति ने पत्र का अवलोकन किया।

## 12.5 एसपीए, भोपाल एवं आईआईएसईआर, भोपाल की संयुक्त साझेदारी में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में।

एसपीए, भोपाल एवं आईआईएसईआर, भोपाल की संयुक्त साझेदारी में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय ने निर्देशित किया कि कार्यशाला करने से पूर्व संबंधित संस्थान से पूर्व सहमति ली जाए। इसके पश्चात उक्त प्रस्ताव को एजेंडे में जोड़ा जाए।

कुलसचिव

प्रो. डॉ. न. श्रीधरन
निदेशक
(अध्यक्ष रा.का.स.)